आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

एलपीजी

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एल.पी.जी. और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी व कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉक्टर नीरज मित्तल ने इस संबंध में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में अफवाहें और गलत सूचनाएं फैलती जा रही हैं, जिससे लोग अनावश्यक चिंता और घबराहट में खरीददारी कर रहे हैं। राज्यों को जमाखोरी, हेराफेरी और घबराहट पैदा करने वाली गलत सूचनाओं के प्रसार पर कड़ी निगरानी रखने की भी सलाह दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल सहित पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

इंडियन ऑयल

इस बीच इंडियन ऑयल ने कहा है कि कंपनी वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 28 लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित कर रही है। कंपनी ने ग्राहकों को एलपीजी रिफिल बुक करने के लिए एस.एम.एस और आई.वी.आर.एस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया है। कंपनी ने कहा कि कालाबाजारी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए एलपीजी वितरकों के अचानक निरीक्षण करने के लिए कई टीमें तैनात की गई हैं।

पर्यटन निगम

प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि पर्यटन निगम की आय बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में निगम ने अपने टर्नओवर में लगातार वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि वर्ष– 2021–22 में निगम का टर्नओवर 78 करोड़ रूपए था जो अब बढ़कर सौ करोड़ रूपए से उपर पहुंच गया है। बाली ने बताया कि इसके अलावा आय में सुधार के लिए कई कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला जिले में जुब्बल उपमंडल की कोट काइना पंचायत में दो सपंर्क सड़कों का लोकार्पण किया। इनके निर्माण पर एक करोड़ 35 लाख रूपए की राशि खर्च हुई है। एक जनसभा में रोहित ठाकुर ने कहा कि जुब्बल कोटखाई क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के तहत सड़क व भवन निर्माण के लिए 5 सौ 50 करोड़ रूपए स्वीकृत हुए हैं और विभिन्न विकास कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल में एक सौ 71 नई सड़कों का निर्माण हुआ हैं और ये प्रकिया निरंतर जारी है।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्ट अधिकारियों को खुला संरक्षण देने के आरोप लगाए हैं। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में भाजपा विधायक व प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने कहा कि चेस्टर हिल प्रोजेक्टस मे अधिकारियों ने एक–दूसरे पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं जिसकी सरकार को जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये मुद्दा विधानसभा में भी उठाया गया, लेकिन सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। प्रदेश में पंचायत चुनाव के

मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार इन चुनावों को टालने का प्रयास कर रही हैं क्योंकि सरकार बीते तीन वर्षों में जनहित में कोई कार्य नहीं कर पाई है।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने राज्य सरकार के वर्ष 2026—27 के बजट को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बजट करार दिया है। घुमारवीं में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि बजट में किसानों, बागवानों, पशुपालकों और मछुआरों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए कई अहम घोषणाएं की गई हैं। राजेश धर्माणी ने जनसमस्याएं सुनकर अधिकारियों को इनके तय समय में निपटारे के निर्देश भी दिए।

———————————————————————